दिन– बुधवार

दिनांक– 27 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली सार्थक–पीडीएस को जारी रखने को दी मंजूरी।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सत्ताईस एजेंडों पर लगी मुहर। बिहार रैयती भूमि क्रय नीति को मिली स्वीकृति।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। चुनाव आयोग के अधिकारों को बताया संवैधानिक।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने पूर्णिया और मधेपुरा में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन, परिवहन और प्रबंधन सहायता योजना, सार्थक–पीडीएस को जारी रखने की मंजूरी दी। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से पच्चीस हजार पांच सौ तीस करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी दी।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया को वैध करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक अनिवार्यताओं की प्रक्रिया है। न्यायालय ने फैसला सुनाया कि निर्वाचन आयोग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, उन्नीस सौ पचास के अनुच्छेद तीन सौ चौबीस और उसके अधीन निर्मित नियम के तहत एसआईआर करवाने की शक्ति रखता है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की एक पीठ ने उन रिट याचिकाओं पर फैसला सुनाया, जिनमें पिछले साल जून महीने में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में एसआईआर आयोजित करने के लिए जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लक्ष्य को हासिल करना है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि विवादित प्रक्रिया को केवल इसलिए अमान्य नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह नियमित पुनरीक्षण के लिए निर्धारित सामान्य तौर–तरीकों के अनुरूप नहीं है। इसलिए यह नही कहा जा सकता है कि निर्वाचन आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों से अधिक कार्रवाई की है। न्यायालय ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के विपरीत थी। न्यायालय ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि इस प्रक्रिया से मतदाता सूचियों में पहले से मौजूद व्यक्तियों की नागरिकता की अनुमानित मान्यता समाप्त हो जाती है। समाचार कक्ष से वैष्णवी।

———————————————————————————

जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि विपक्ष द्वारा एसआईआर पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई थी। श्री कुमार पटना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

———साउंड बाईट———

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिहार में शुरू किए गए एसआईआर के निर्णय को बरकरार रखने के फैसले को सही ठहराया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष ने एसआईआर को लेकर लोगों के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया था।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सड़क परियोजनाओं, रोजगार, स्वास्थ्य और न्यायिक ढांचे से जुड़े कुल सत्ताईस एजेंडों को स्वीकृति दी गयी है। बिहार सरकार ने लोकहित की परियोजनाओं के लिए नई भूमि नीति के तहत "बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026" को स्वीकृति मिली है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं होने पर अब लोकहित परियोजनाओं के लिए रैयती भूमि आपसी सहमति से खरीदी जायेगी।

———साउंड बाईट———

बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा फैसला लेते हुये राज्यकर्मियों, पेंशनधारियों और जनप्रतिनिधियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी है। इसके साथ ही पीएमसीएच के हड्डी रोग विभाग में उनतालीस नये पदों के साथ एक स्वतंत्र स्पाइन सब स्पेशियलिटी यूनिट स्थापित की जायेगी। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए श्रम संसाधन विभाग का नाम अब युवा रोजगार कौशल विभाग कर दिया गया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आज पटना में जनजातीय गरिमा उत्सव दो हजार छब्बीस के अन्तर्गत बिरसा लिव्स इन न्यू भारत थीम के तहत छात्रवृत्ति लाभुकों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत लगभग एक लाख चार हजार अनुसूचित जाति

और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को लाभ मिला है। वहीं, प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति से इस वर्ष एक लाख इकतालीस हजार अनुसूचित जानजाति के छात्र लाभांवित हुये हैं।

–––साउंड बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने दाखिल–खारिज, ई–मापी और अभियान बसेरा के लंबित मामलों का तेजी से निपटारे का निर्देश दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि पंद्रह दिनों के बाद एक बार फिर से कार्य निष्पादन की समीक्षा होगी। श्री जायसवाल ने किसान पंजीकरण अभियान को गति देने के लिए परिमार्जन मामलों के शीघ्र निष्पादन का भी निर्देश दिया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कुर्बानी का त्योहार बकरीद कल मनाया जायेगा। बकरीद के त्योहार को लेकर पूरे प्रदेश में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने यह जानकारी देते हुये बताया कि बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिये गये हैं। प्रशासन को आसामाजिक तत्वों नजर रखने, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये। डीजीपी विनय कुमार ने कहा है कि दंगा नियंत्रण वाहन, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती करेंगे। एसटीएफ के पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने कहा है कि कल सुबह चार बजे से पुलिस अधिकारी फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाये रखने में मदद करेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत ने आज जिले के ललितग्राम में रेलवे वाशिंग पिट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। अस्सी करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले वाशिंग पिट के निर्माण से सुपौल सहित कोसी क्षेत्र में रेल सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र में भिंडी तोड़ने के विवाद में महिला की पीट–पीटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पश्चिम चम्पारण जिले के शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवरिया पंचायत के मढ़िया गांव में जांच करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला। इस घटना में एक एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना जिले के कदमकुआं थाना क्षेत्र के नाला रोड स्थित एक दो मंजिला मकान से युवक ने छलांग दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के जानीपुर ढाला स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर की टक्कर में मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अलग–अलग हिस्सों में बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने लोगों से कहा कि वे भरपूर पानी पियें और घर से बाहर निकलते समय अपने साथ पानी ज़रूर रखें। प्रधानमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि जानवरों और पक्षियों के लिए घरों, छतों, दुकानों या दफ़्तरों के बाहर पानी से भरा एक छोटा बर्तन ज़रूर रखें।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी का सितम जारी है। राज्य का अधिकतम तापमान इकतीस डिग्री सेल्सियस से तैंतालीस डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। गर्मी से बचने के लिए राज्य सरकार की ओर से जागरूकता अभियान के साथ विभिन्न जगहों पर पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

राज्य में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार की ओर विभिन्न जिलों में गर्मी से बचने के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। गर्मी से बचने के लिए सरकार की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को बिना काम दोपहर में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई है कि गर्मी में बच्चों पर विशेष ध्यान दें। गर्मी को देखते हुये राज्य सरकार ने वर्ग आठ तक की स्कूल के संचालन स्थगित कर दिया गया है। जबकि वर्ग नौ से दस तक की कक्षाओं का संचालन सुबह ग्यारह बजे तक ही किया जा रहा है।
समाचार कक्ष से सत्यम कुमार।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया और मधेपुरा में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। वहीं, राज्य के दक्षिण–मध्य जिलों के कुछ भागों में तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की सम्भावना जतायी गयी है। इधर, तैंतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ आज कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, बारिश के दौरान मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के चूआबाग स्थित नया टोला में दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सुपौल जिले के वीरपुर स्थित हृदयनगर

में एक व्यक्ति की वज्रपात से मौत हो गयी। आंधी–बारिश और ओलावृष्टि के कारण विभिन्न जिलों में पेड़ और बिजली के पोल गिरने से जन जीवन प्रभावित हुआ है। फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इधर, तेज आंधी–तूफान से आकाशवाणी भागलपुर का मीडियम वेव टावर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे प्रसारण प्रभावित हुआ है।

———————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्त्ती ने बिहार पुलिस सिपाही भर्त्ती दो हजार पच्चीस का परिणाम घोषित कर दिया है। उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस सिपाही पदों के लिए हुई परीक्षा में बारह हजार पांच सौ नौ पुरुष, सात हजार तीन सौ बारह महिलाएं और सत्रह ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा दो हजार छब्बीस की परीक्षा तिथि जारी कर दी है। जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार यह परीक्षा ग्यारह जून को आयोजित की जायेगी। एडमिट कार्ड परीक्षा से लगभग सात से दस दिन पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली सार्थक–पीडीएस को जारी रखने को दी मंजूरी।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सत्ताईस एजेंडों पर लगी मुहर। बिहार रैयती भूमि क्रय नीति को मिली स्वीकृति।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। चुनाव आयोग के अधिकारों को बताया संवैधानिक।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने पूर्णिया और मधेपुरा में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।